>

Title: Need to run the Secunderabad Express (Train No. 7063) on its pre-designated route.

श्री जयसिंगराव गायकवाड़ पाटील (बीड) : महोदय, सिंकदराबाद एक्सप्रेस रेल नं0 7063 मेरे चुनाव क्षेत्र (परली वि0) बीड से जाती है। यह बीड जिले के लिये बहुत ही महत्वपूर्ण व अत्यावश्यक रेल है।

1 सितम्बर, 2007 से इसे बंद करने का निर्णय रेल मंत्रालय ने लिया है, जिससे मेरे क्षेत्र बीड जिले में असंतोष फैल गया है नागरिकों ने धरना, मोर्चा का रास्ता अपनाना शुरू किया है। यह रेल सुविधा अत्यावश्यक सेवा है।

अतः मैं आपके माध्यम से मा0 रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि वे इस रेल सेवा के बारे में जनता की भावना समझें व सिकंदराबाद एक्सप्रेस (नं0 7063) पहले जैसी ही शुरू रखें। उसके मार्ग में बदलाव न करें ताकि मेरे क्षेत्र की जनता को इस एक्सप्रेस की सेवा जैसी की तैसी मिले।